डॉ. शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, लखनऊ
उत्तर प्रदेश सरकार
Dr. Shakuntala Misra National Rehabilitation University, Lucknow
Government of Uttar Pradesh

पत्रांक–1208 / फा0सं0–1333 / IQAC / DSMNRU / 2019–20 दिनांक 28 अक्टूबर, 2020

/ / कार्यालय–ज्ञाप / /

विश्वविद्यालय में कार्यरत् समस्त शिक्षकवृन्द को सूचित किया जाता है कि कैरियर एडवान्समेण्ट योजनान्तर्गत (CAS) प्रोन्नति हेतु अपनी अर्हता की तिथि से तीन माह पूर्व वे उक्त सम्बन्ध में अपना आवेदन अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। प्रोन्नति के सम्बन्ध में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा विनियमन–2018 में निर्धारित ''प्रदर्शन आधारित मूल्यांकन प्रणाली'' (PBAS) के अनुरूप विकसित प्रारूप को ही विश्वविद्यालय द्वारा अनुमोदित कर अंगीकृत किया गया है।

इस सम्बन्ध में शिक्षकवृन्द् को यह भी सूच्य है कि विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा निर्गत प्रधान विनियमन–2010 तथा उसके समस्त अनुवर्ती संशोधनों के सुलभ अवलोकन हेतु विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइटhttp://dsmru.up.nic.in पर इस हेतु लिंक उपलब्ध है, जिसका उपयोग कर शिक्षकवृन्द् यू.जी.सी. के प्रधान विनियमन–2010 अथवा उसके अनुवर्ती संशोधनों मेंप्राविधानित PBAS प्रारूप को अपनी आवश्यकतानुसार डाउनलोड कर सकते हैं।

उल्लेखनीय है कि समस्त प्रविष्टियों को पूर्ण रूप से भरने के पश्चात् शिक्षकवृन्द अपने आवेदन,सम्बन्धित विभागाध्यक्ष एवं संकायाध्यक्ष से अग्रसारित कराएंगे व तत्पश्चात् समस्त अभिलेखों एवं साक्ष्यों से युक्त ''स्व मूल्यांकित प्रतिवेदन'' की स्पाईरल बाइन्डिंग करायी हुई पाँच प्रतियाँ अनिवार्य रूप से इस कार्यालय ज्ञाप के निर्गत होने के 15 कार्य दिवस के अन्दर अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में सुंसगत स्व मूल्यांकित प्रतिवेदन पूर्ण रूप से भरकर जमा करना सुनिश्चित करें ताकि उनकी प्रोन्नति के सम्बन्ध में विश्वविद्यालय द्वारा अग्रेत्तर आवश्यक कार्यवाही संपादित की जा सके।

(अमित कुमार सिंह)
कुलसचिव

प्रतिलिपि :– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. कुलपति कार्यालय, विश्वविद्यालय को मा0 कुलपति महोदय के अवलोकनार्थ।
2. समस्त अधिष्ठाता, विश्वविद्यालय।
3. समस्त विभागाध्यक्ष, विश्वविद्यालय।
4. समस्त शिक्षकवृन्द, विश्वविद्यालय।
5. सिस्टम एनालिस्ट को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड किये जाने हेतु।
6. स्थापना अनुभाग, विश्वविद्यालय।

(अमित कुमार सिंह)
कुलसचिव

प्रस्त. 10.40 31/10/2020